डा० केसकर : विषयों के बारे में जो अलग अलग मिनिस्ट्रीज हैं वह सोचती हैं और जो विषय वह बताती हैं वही विषय डाकूमेन्टरीज के लिये चुन लिये जाते हैं । एस्टिमेट्स कमेटी की सलाह है कि इस के लिये कोई समिति बननी चाहिये और इस विषय पर विचार हो रहा है तथा उस पर जल्दी ही निश्चय होगा ।

**Shri Bhagwat Jha Azad:** May I know the difference in cost between a private-produced documentary and Government-produced documentary? That is to say, what is the percentage of the difference in the cost?

**Dr. Keskar:** It is very difficult to say. We can certainly find out the average cost, but subjects differ so much and so widely that there might be a subject which would require travelling all over the country, and the cost of such a documentary will be very high, while there might be a subject which can be very easily dealt with, and the cost of such a documentary will be low. The cost of a documentary given to a private producer is fixed according to what he is expected to cover.

## खाद्यान्नों में वायदा बाजार

*१२५२. **सेठ गोविन्द दास :** क्या वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का विचार खाद्यान्नों, गुड़ और चीनी में वायदा बाजार पर रोक लगाने का है ?

**वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) :** गेहूं, चना और चीनी के वायदा बाजार पर इस समय रोक लगी हुई है ।

**सेठ गोविन्द दास :** जो शेष चीजें हैं उन के ऊपर भी कोई रोक लगाने का सरकार का इरादा है ?

**श्री करमरकर :** जब जरूरत होती है तब ऐसा इरादा किया जाता है । अभी कोई इरादा नहीं है । हमारे यहां फार्वर्ड मार्केट्स कमिशन है, इन सब चीजों पर विचार करना उस का काम है ।

**सेठ गोविन्द दास :** क्या माननीय मंत्री जी यह बात जानते हैं कि ठीक समय पर ही इन चीजों पर रोक लगाई जाती है और पहले से इस विषय में कोई प्रयत्न नहीं किया जाता, इस लिये जब बाजारों में उतार चढ़ाव हो जाता है उस के बाद रोक लगाने से कोई लाभ नहीं होता ?

**श्री करमरकर :** जब बाजार में उतार चढ़ाव हो जाता है तभी रोक लगाना होता है । जब बाजार में कोई अनबेलेन्स होता है उस वक्त हम सोचते हैं और जितनी जल्दी हो सकता है उतनी जल्दी उस को रोकते हैं ।

**सेठ गोविन्द दास :** अध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहता था, जैसा कि मैं ने कहा भी, कि यह रोक इतनी देर से लगाई जाती है कि उस से कोई फायदा नहीं होता इस लिये क्या सरकार इस बात का विचार कर रही है कि इस प्रकार की वस्तुओं पर पहले से ही रोक लगाई जाय जिस से बाजारों का भाव इतना चढ़े-उतरे नहीं जितना कि इस समय उतरता-चढ़ता है ।

**श्री करमरकर :** हम तो ठीक समय पर ही लगाते हैं, ये जल्दी होती हैं या देर से, यह तो राय की बात है । हमारी राय में जो कुछ हम करते आये हैं वह साधारणतः ठीक ही होता है ।

**अध्यक्ष महोदय :** उनका सुझाव यह है कि हमेशा के लिये रोक होनी चाहिये ।

**श्री करमरकर :** हम हाउस के सामने कोई ऐसी पालिसी नहीं रख सकते हैं कि यह हमेशा के लिये हो । जिस वक्त प्राइसेज ऊपर उठेंगी, उस वक्त जितनी देर के लिये जरूरी होगा उतनी देर तक रहेगी ।

**श्री एन० एल० जोशी :** क्या मैं जान सकता हूं कि खाने की चीजों पर ही रोक रक्खी जाती है या ऐसे पदार्थों पर भी रोक रक्खी जाती है जो खाने की नहीं हैं ?

**श्री करमरकर :** खाने की चीजें तो मुख्य होती हैं पर और भी जो चीजें हमारे सामने आती हैं जिन पर सामाजिक रूप से रोक रखना

आवश्यक हो जाता है उन के बारे में भी हम सोचते हैं ।

**Sardar Hukam Singh:** The Food and Agriculture Minister announced here the other day that the price of wheat would not be allowed to go lower than Rs. 10. Is the Minister aware that there is forward trading at about Rs. 6 or Rs. 7 going on in Punjab and PEPSU and do Government propose to put a ban on that?

**Shri Karmarkar:** I should like to have notice on both the aspects.

INDIAN ATOMIC PROJECTS

*1253. **Shri Sarangadhar Das:** Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) whether any request for the services of some nuclear Physicist to help in the development of Indian Atomic Projects was made to the Government of the United Kingdom at the time of the Prime Minister's visit to London;

(b) if so, whether any reply to this request has been received so far; and

(c) whether any proposal to request some other countries for similar help is also under the consideration of Government?

**The Prime Minister and Minister of External Affairs (Shri Jawaharlal Nehru):** (a) and (b). No such request was made either by the Prime Minister or by anyone else on behalf of India. No such foreign help is considered necessary. Some eminent scientists from foreign countries have visited India and they are always welcome. But the Atomic Energy Commission have at no time considered running our atomic energy projects with any considerable number of foreign experts. A very few have occasionally been engaged.

(c) No.

**Shri Sarangadhar Das:** May I know whether Professor Oliphant of Australian University who is now touring India was invited by the Government or he has come on his own?

**Shri Jawaharlal Nehru:** I am not quite sure, but I imagine he was invited to spend sometime in India on his way back. We often invite eminent scientists like him to come and give lectures and spend a month or two on their way. They are not engaged by us, but they are invited because of their eminence and because it is very useful for our scientists to meet them.

**Shri Sarangadhar Das:** May I know whether the concentration will be more on atomic power or on its use in medicine, surgery and agriculture?

**Shri Jawaharlal Nehru:** When we talk about the use of atomic power for peaceful purposes, we include all these functions—power chiefly for industrial purposes or for any purpose as requires power. There are medicinal purposes and various other purposes. It will be used for every purpose, not only one. But obviously, the principle use will be as power.

**Shri Sarangadhar Das:** May I know whether, if atomic power will be developed within the next few years, the present hydro-electric plants will be out of use?

**Shri Jawaharlal Nehru:** What happens to hydro-electric plants?

**Mr. Speaker:** He wants to know whether hydro-electric power will be of use when atomic power is developed.

**Shri Jawaharlal Nehru:** Of course, it will be of use. I cannot speak of a hundred years later, as to what will happen then. But so far as hon. Members like him and me are concerned, it will be of use.